गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE: +91 11 26182955
फैक्स/FAX: +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail: info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2020 09.01.2020

लिस्टिंग विभाग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई-400 051	लिस्टिंग विभाग, बीएसई लिमिटेड फ्लोर 1, फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई- 400001

विषय : निदेशन में परिवर्तन: अंशकालिक निदेशक (सरकार द्वारा नामित) की नियुक्ति

सूचित किया जाता है कि पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पत्र सं.सी-31033/1/2016-सीए/एफटीएस: 42979 दिनांक 08.01.2020 के द्वारा श्री राजीव बंसल, अपर सचिव, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार को कंपनी के निदेशक मंडल में अंशकालिक निदेशक (सरकार द्वारा नामित निदेशक (डीआईएन 00245460) के रूप में नामित किया है । इसके अतिरिक्त गेल (इंडिया) लिमिटेड के निदेशक मंडल ने दिनांक 08.01.2020 की प्रभावी तारीख से सरकार द्वारा नामित निदेशक श्री राजीव बंसल की नियुक्ती को अनुमोदित कर दिया है।

श्री राजीव बंसल से संबंधित सूचना इस प्रकार है:

1. **संक्षिप्त प्रोफाइल**

श्री राजीव बंसल, आईएएस पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार में अपर सचिव हैं।

इससे पूर्व वह इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) में संयुक्त सचिव थे, जहां वे डिजिटल भुगतान, आईटी अधिनियम, आधार और इंटरनेट नियंत्रण की देखरेख कर रहे थे। लगभग 30 वर्षों के अपने करियर के दौरान, श्री बंसल ने केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (सीईआरसी) में सचिव, भारी उद्योग विभाग, भारत सरकार में संयुक्त सचिव और नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारत सरकार में निदेशक के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं। इससे पहले वह भेल, एनएसीआईएल, एवाईसीएल, एलायंस एयर, एचएमटी और जीआईटीए के निदेशक मंडल में भी कार्य कर चुके हैं। उन्होंने राज्य सरकार में भी महत्वपूर्ण कार्यभार संभाला है।

वह पेशे से एक सिविल इंजीनियर हैं, जिन्होंने 1986 में आईआईटी, दिल्ली से स्नातक किया है और आईसीएफएआई, हैदराबाद से वित्त में डिप्लोमा और आईआईएफटी, नई दिल्ली से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में कार्यकारी स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त की है।

2. **निदेशकों के मध्य संबंधों का प्रकटीकरण**

सीआईएन/CIN
L40200DL1984GOI018976
www.gailonline.com

श्री राजीव बंसल का कंपनी के अन्य निदेशक(कों) के साथ आपस में कोई संबंध नहीं है।

3. इसके अतिरिक्त दिनांक 14.06.2018 के सेबी के अनुदेशों के संबंध में पुष्टि की जाती है कि श्री राजीव बंसल सेबी के किसी भी आदेश या किसी अन्य प्राधिकरण के आधार पर निदेशक का पद संभालने से विवर्जित नहीं हैं।

यह सेबी (लिस्टिंग बाध्यताएं एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 के अनुपालन में है।

यह आपके सूचनार्थ एवं रिकार्ड हेतु है।

धन्यवाद,

भवदीय,

अनिल कुo.

(ए. के. झा)
कंपनी सचिव

प्रति:

1. ड्यूश बैंक ए जी, फिलिआले मुंबई
   टीएसएस एंड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
   द कैपिटल, 14वीं मंज़िल
   सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स
   मुम्बई-400051

   ध्यानाकर्षण : सुश्री अपर्णा सालुंके

2. लंदन स्टॉक एक्सचेंज
   रेगुलेटरी न्यूज सर्विस डिपार्टमेंट (आरएनएस)
   10, पेटरनोस्टर स्क्वेयर
   लंदन EC4M 7LS

   एवीएस न.- 309967